Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding Adarsh Credit Cooperative Society Scam.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के सामने देश में हुए एक घोटाले को सामने लाना चाहता हूँ । आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के नाम से राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में हजारों करोड़ रुपये निवेशकों से ले लिए गए । उनके खिलाफ कार्रवाई भी हुई । जो इसके मालिक थे, जो इनके डायरेक्टर थे, जो भी इनका संचालक मंडल था, उन सबको जेलों के अंदर भी डाला, लेकिन इससे उन गरीबों का, उन किसान के बेटों का, वे थड़ी, ठेले वाले जो लोग थे, जो इस आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के नाम से उलझ गए, फँस गए, उनका कोई समाधान नहीं निकला । कई लोगों ने आत्महत्याएं भी कर लीं । जब भी पार्लियामेंट चलती है, वे लोग सांसदों को खोजते हैं कि वे उनका कोई न कोई मामला सदन के अंदर उठायें । यह बहुत बड़ा मामला है, बहुत बड़ा घोटाला है । मैं इसमें एक-दो बातें कहना चाहूँगा । इसमें मालिकों ने गलती की, उन्होंने पैसा लूट लिया और जो सजा है, वह गरीबों को मिल रही है । इस मामले में सजा का प्रावधान भी है । मेरा निवेदन है कि इस तरह के जितने भी घोटाले देश के अंदर होते हैं, फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाकर ऐसे लोगों को सजा दिलायी जानी चाहिए ।

महोदय, मुझे अपनी पूरी बात रखने दीजिए । मेरा नाम तो लॉटरी में आया है । फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाकर ऐसे अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ।

दूसरा, इसमें आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान होना चाहिए । इसमें अलग-अलग मामले अलग-अलग राज्यों के अंदर दर्ज हुए हैं । न्याय प्रक्रिया लंबी है, दूसरे मुकदमें बहुत ज्यादा होते हैं कि इनका नंबर ही नहीं आ पाता है । पेशी पर पेशी होती रहती है और आदमी की उम्र निकल जाती है । मेरा निवेदन है कि इनकी जो 10 हजार करोड़ रुपये की सम्पत्ति है, जो आदर्श क्रेडिट

कोआपरेटिव सोसायटी ने बनाई है, उनकी सम्पत्ति को नीलाम करके, विक्रय करके इन लोगों को भुगतान किया जाए ।

मेरा गृह मंत्री जी से अनुरोध है कि देश के अलग-अलग राज्यों में सोसायटी के विरुद्ध दर्ज मामलों में निर्णय का इंतजार नहीं करते हुए कोई प्रशासक नियुक्त करके निवेशकों के पैसे जल्दी से जल्दी वापस दिलवाने हेतु कोई ठोस कदम उठाए ।

सभापति महोदय, पूरे देश की नजरें और इन गरीबों की नजरें, लोक सभा चल रही है, आपकी तरफ है, टकटकी लगाकर आदमी देखता है । हमारे पास भी लोग आते हैं कि आप लोक सभा के अंदर मुद्दा उठा दो । उनको यह पता नहीं है कि सिर्फ लोक सभा में मुद्दे उठाने से कुछ काम नहीं होता है । लेकिन उनको उम्मीद होती है कि हमारा एमपी लोक सभा के अंदर बोलेगा... (व्यवधान) लोगों को लगता है कि लोक सभा में मामला उठ गया तो काम हो जाएगा । मेरा यही निवेदन है कि आप सरकार को निर्देशित करें कि आदर्श क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी ... (व्यवधान) महोदय, मुझे पूरी बात तो करने दीजिए ।

माननीय सभापति : श्री पी. पी. चौधरी । आपकी बात पूरी हो गई, आप बैठिए ।

श्री हनुमान बेनीवाल : सर, आधा मिनट लूंगा । देश के अंदर बहुत घोटाले हुए हैं, हमारे प्रदेश के अंदर भी ऐसे बहुत घोटाले हुए हैं । अगर 1-2 मामले के अंदर भी लोगों को पैसा वापस मिलेगा, व इन घोटालेबाजों पर भी नकेल कसी जाएगी । तब वह दोबारा घोटाला करने से पहले हजार बार सोचेगा और पुनरावर्ती नहीं होगी । यह मेरा निवेदन है ।

माननीय सभापति :श्री पी. पी. चौधरी ।